# हाड़ौती के पर्यटन एवं औद्योगिक विकास के लिए हम सहयोग के लिए कटिबद्ध : संदीप शर्मा

**कोटा,** (निसं)। होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान कोटा संभाग द्वारा हाड़ौती के होटल रिसोर्ट एवं पर्यटन सेक्टर से जुड़े लोगों द्वारा एक लाख वृक्ष लगाए जाने की मुहिम का आगाज रविवार को महेश्वरी रिसोर्ट पर 500 वृक्ष लगाकर किया गया।

इस वृक्षारोपण अभियान के मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा एवं कोटा नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश बिरला थे। समारोह के अति-विशिष्ट अतिथि दी एसएसआई एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष गोविंदराम मित्तल पर्यटन विभाग कोटा के उपनिदेशक विकास पांडे सहायक निदेशक सन्दीप श्रीवास्तव थे। होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान कोटा संभाग के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी ने बताया कि इस मुहिम 50 से अधिक व्यापारिक औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि होटल फेडरेशन कोटा संभाग के पदाधिकारी सदस्य मीडियाबंधुओ क्लबों के पदाधिकारीयो ने भाग लिया। इस अवसर पर कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हाड़ौती क्षेत्र को नई दिशा देने के लिए सभी को आगे आना होगा कोटा का स्थाई विकास तभी संभव हुई जब यहां पर पर्यटन एवं औद्योगिक विकास गति पकड़ेगा उन्होंने कहा पिछले दिनों होटल फेडरेशन राजस्थान कोटा संभाग के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी द्वारा इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा इसके लिए सभी व्यवसाईयों को आगे आना होगा।

शर्मा ने कहा कि हम इस दिशा में सरकारी एवं प्रशासनिक स्तर पर पूरी तरह से सहयोग करने के लिए कटिबद्ध है उन्होंने कहा कि एक ही दिशा में हुए निवेश से स्थाई विकास नही हो सकता हैं। इस अवसर पर कोटा नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेश बिरला ने कहा की वृक्ष स्वच्छ जीवन के लिए अति आवश्यक है पूरे देश में वृक्षारोपण की जो मुहिम चल रही है उसमें आने वाले समय में हम लोग पर्यावरण को संतुलित करने के साथ-साथ होने वाली बीमारियों से भी हम बचेंगे। उन्होंने कहा होटल फेडरेशन आफ राजस्थान कोटा संभाग एक लाख वृक्ष लगाकर उनके पालन-पोषण का जो जिम्मा लिया है उसमें निश्चित ही हाड़ोती क्षेत्र हरियाली से भरपूर होगा। इस अवसर पर दी एसएसआई एसोसियेशन के संस्थापक अध्यक्ष गोविंद राम मित्तल ने कहा कि कोटा में जो ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट बन रहा है उसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर की उड़ाने भी उड़ाई जा सकती है कोटा में स्टोन पार्क की स्थापना की राज्य सरकार ने घोषणा कर चुकी है कोटा का समुचित औद्योगिक विकास होता है तो कोटा स्टोन सैंड स्टोन का आयात-निर्यात का बड़ा केंद्र कोटा बन सकता हैं। हवाई सेवा के आने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर के व्यापारी भी कोटा में आ जा सकेंगे जिससे यह प्रमुख व्यवसायिक औद्योगिक क्षेत्र बन सकेगा।

इस अवसर पर होटल फेडरेशन आफ राजस्थान कोटा संभाग के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी ने कहा कि कोटा में पर्यटन के साथ-साथ आई टी हब बनाने के लिए हम प्रयास कर रहे हैं क्योंकि आज के समय गुड़गांव पुना बेंगलुरु हैदराबाद जैसे शहरों में जो आईटी सेक्टर नाम से विकसित हो चुके हैं अब वहा नया स्थान उपलब्ध न होने के कारण नए स्थान के लिए कोटा सबसे उपयुक्त है क्योंकि इंफ्रास्ट्रक्चर के हिसाब से यह सबसे बेहतरीन विकल्प है साथ ही पर्यटन प्रधान राजस्थान प्रदेश मे कोटा भी अपने आप में पर्यटन स्थलों से भरपूर है लेकिन उस अनुपात में कोटा में पर्यटक नहीं आ पा रहे हैं हमारा मिशन होगा कि हम हाड़ौती को पर्यटक मानचित्र पर लाकर पूरे देश में हाड़ौती को पयर्टन क्षेत्र मे आगे बढ़ाये उसके लिए प्रशासनिक एवं राजनीतिक सहयोग के साथ-साथ देश व राज्य में प्रचार-प्रचार की आवश्यकता है इसके लिए फेडरेशन द्वारा राज्य मे आयोजित होने वाले पर्यटक फेयर एवं प्रदर्शनियों में हाड़ौती क्षेत्र द्वारा भी भाग लेकर उसके माध्यम से हाड़ौती क्षेत्र के पर्यटन स्थलों का प्रचार प्रसार किया जाएगा साथ ही शहर को स्वच्छ सुंदर हरियाली पार्किंग युक्त एवं अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए भी फेडरेशन द्वारा सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे।



होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान कोटा संभाग द्वारा पौधारोपण करके वृक्ष लगाने की मुहिम का आगाज किया गया।

■ **हाड़ौती में होटल फेडरेशन कोटा संभाग द्वारा एक लाख पौधे लगाए जाना सराहनीय कदम : बिरला**

माहेश्वरी ने कहा कि कोटा सम्भाग के सभी होटल रिसोर्ट व्यवसाई अपने-अपने होटल रिसोर्ट परिसर के साथ आस पास के परिसर एवं सड़कों के किनार 500 से 1000 वृक्ष लगाये एवं उनकी देखरेख एवं रखरखाव की जिम्मेदारी का स्वय निर्वहन करें। जिसका शुभारंभ आज से कर दिया गया हैं।

इस अवसर पर पर्यटक विभाग कोटा के उप निदेशक विकास पांडे सहायक निदेशक सन्दीप श्रीवास्तव ने कहा कि हाडोती क्षेत्र में पर्यटन स्थलों की भरमार है लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचार प्रसार के साथ-साथ आतिथ्य सत्कार की सुविधा एवं अन्य पर्यटन स्थलों से हाड़ौती को जोड़ा जाना भी आवश्यक है उसके लिए कोटा में एक बड़ा पर्यटन मेला एवं प्रदर्शनी जो राष्ट्रीय स्तर की हो आयोजन किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर कोटा नगर निगम की पूर्व उप महापौर सुनीता व्यास ने कहा कि आज शहर को ऑक्सीजन की अत्यन्त आवश्यक है इसके लिए शहर के हर क्षेत्रों में पेड़ लगाया जाना आवश्यक है होटल फेडरेशन कोटा संभाग द्वारा हाड़ौती में एक लाख वृक्ष लगाने का जो लक्ष्य बनाया है इससे पूरे हाड़ौती क्षेत्र मे हरियाली होगी। इस अवसर पर कोटा बूंदी बांरा झालावाड़ के होटल फेडरेशन के पदाधिकारियों ने संघन वृक्षारोपण महाअभियान में भाग लिया जिसमें प्रमुख रूप से होटल फेडरेशन आफ राजस्थान के कार्यकारिणी सदस्य जवाहर बंसल भारत भूषण जैन होटल फेडरेशन राजस्थान कोटा डिवीजन के संदीप पाडिया अंकुर गुप्ता पवन आहुजा सहित समस्त सदस्यगण बूंदी व्यापार महासंघ के अध्यक्ष निरंजन जैन बुन्दी फैडरेशन के उपाध्यक्ष मुकेश श्रृंगी सचिव लोकेश सुखवाल कोषाध्यक्ष भगवान मड़ावरा सलाहकार महेश पाटोदी बारा होटल फेडरेशन के हरीओम अग्रवाल झालावाड़ होटल फैडरेशन के सौरभ जैन हर्ष जैन भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री जगदीश जिंदल नयापुरा चोराहा व्यापार संघ के अध्यक्ष डॉक्टर डी के शर्मा भीममंडी व्यापार संघ के अध्यक्ष राजेंद्र चावला कोटा रिजन ट्रैक्टर डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल मुन्दडा इंदिरा विहार विकास सोसायटी के अध्यक्ष अशोक लड्ढा वार्ड पार्षद विवेक मित्तल सुरेंद्र कलवार प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय शर्मा देवली अरब बोरखेड़ा रोड़ व्यापार संघ के अध्यक्ष दीपक नामदेव बालिता रोड़ व्यापार संघ के अध्यक्ष उत्तम शर्मा न्यू कोटा हॉस्टल एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवान माहेश्वरी कोटा डिस्ट्रिक सेंटर हॉस्टल एसोसिएशन के महासचिव अनिल अग्रवाल कोटा जिलाकेमिस्ट एसोसिएशन के सचिव अभिमन्यु भावनानी दी एसएसआई एसोसियेशन के पूर्व अध्यक्ष विपिन सुद अच्चल पोद्दार पूर्व सचिव पवन मुन्दडा, सहित कई व्यापारिक औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी विकास समितियां क्लबों के पदाधिकारी मीडिया बन्धुओ ने माहेश्वरी रिसॉर्ट परिसर में एक-एक पौधा लगाकर इस वृक्षारोपण महाअभियान में अपना योगदान दिया।

# अमेरिका में आयोजित ऐसेब की अन्तर्राष्ट्रीय बैठक में कोटा के हर्ष अपना शोध प्रस्तुत करेंगे



हर्ष नागर

**कोटा** (निसं)। कोटा के हर्ष नागर अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य की एनाहेम सिटी में 28 से 31 जुलाई तक आयोजित होने वाली ऐसेब (ए.एस.ए.बी.ई) की अन्तर्राष्ट्रीय बैठक में अपने शोध कार्य की मौखिक प्रस्तुति देंगे। इसके लिए वो गुरूवार को अमेरिका के लिए रवाना हो गए है।

भारतीय प्रोद्योगिक संस्थान के कृषि और खाद्य इंजीनियरिंग विभाग में पीएचडी शोधार्थी कोटा निवासी हर्ष नागर का शोध कार्य एआई आधारित क्लाउड-इन्फ्यूज्ड सर्वरलेस एडवाईजरी सिस्टम टू मैक्सिमाईज फ्यूल एफिशिएंसी एंड फील्ड परफॉरमेंस ऑफ द ट्रेक्टर फॉर ऑप्टिमम टिलेज को यूएसए की ए.एस.ए.बी.ई. (अमेरिकन सोसायटी ऑफ एग्रीकल्चरल एंड बायोलॉजिकल इंजीनियर्स) के 28-31 जुलाई तक कैलिफोर्निया राज्य की एनाहेम सिटी में आयोजित होने वाली वार्षिक अन्तर्राष्ट्रीय बैठक में मौखिक प्रस्तुति के लिये स्वीकार किया गया है और उसकी मौखिक प्रस्तुति के लिए हर्ष नागर को ऐसेब द्वारा आमंत्रित किया गया है।

कोटा के डॉ. किशन गोपाल नागर के पुत्र हर्ष नागर का कृषि क्षेत्र में एआई, एमएल और आईओटी में गहन विशेषता के गहन विशेषज्ञता कई प्रतिष्ठित अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी है। उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता परीक्षा में दूसरा अखिल भारतीय रैंक हासिल करने से भी प्रमाणित होती है। वर्तमान में वे आईआईटी खडगपुर में अपने डॉक्टरेट की पढ़ाई कर रहे है और कृषि नवाचार के क्षेत्र में अपने शोध को आगे बढ़ा रहे है। हर्ष के शोध कार्यो का मुख्य उद्देश्य स्मार्ट हार्वेस्टिंग, क्लाउड-ड्रिवन, तकनीक सर्वरलेस आर्किटेक्चर, एआई और आईओटी-आधारित वास्तविक समय के सलाहकारी सिस्टम का उपयोग करके ट्रेक्टर ऑपरेटरों की कार्यक्षमता और फील्ड उत्पादकता को बढ़ाना है।

# महर्षि दधीचि जयंती-2024 को लेकर आमसभा आयोजित

**बून्दी** (निसं)। दाधीच समाज द्वारा आने वाली दधीचि ऋषि की जयंती 2024 को लेकर महर्षि दधीचि वाटिका में एक आम सभा का आयोजन हुआ।

समाज प्रवक्ता अनंत दाधीच क्षारबाग ने बताया कि आम सभा में अध्यक्षता कर रहे समाज के अध्यक्ष अशोक कुमार दाधीच लक्ष्मीपूरा ने सभी समाज के आगंतुक समाज बंधुओ का अपने संबोधन में स्वागत किया व आने वाली महर्षि दधीचि ऋषि की जयंती को लेकर विस्तृत चर्चा की जिसमें कन्हैया दाधीच को सर्व समिति से जयंती का संयोजक नियुक्त किया , इस दौरान समाज सचिव राजेश बना, संरक्षक रामचरण दाधीच , कोषाध्यक्ष शिवचंद दाधीच, दाधीच दिनेश जी दाधीच तिलस्वा रामचरण अलोद अनंत दाधीच राजेश दाधीच उपाध्यक्ष आलोक दाधीच से जयंती संयोजक को माला पहनकर जयंती को भव्य रूप देने के साथ शुभकामनाएं दी।

# 'सफाईकर्मी स्वस्थ और सुरक्षित जीवन में महत्वपूर्ण कड़ी है'

**कोटा,** (निसं)। भारत विकास परिषद केशव शाखा की ओर से स्वच्छ भारत अभियान में प्रथम प्रहरी के रूप में योगदान दे रहे सफाईकर्मियों का सम्मान समारोह रविवार को श्रीनाथपुरम स्थित अग्निशमन केन्द्र पर किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक राजेश गुप्ता एवम अध्यक्ष संजय विजय ने बताया कि भारत विकास परिषद स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत की थीम पर कार्य कर रही है। इसके अंतर्गत स्वच्छ भारत की दिशा में अपना प्रथम योगदान देने वाले कोटा नगर निगम दक्षिण व उत्तर के छोटे टिप्पर के 168 चालक और परिचालकों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष एवं मेला समिति के अध्यक्ष विवेक राजवंशी व विशिष्ट अतिथि रीजनल सेक्रेटरी किशनजी पाठक व प्रांतीय अध्यक्ष रवि विजय एवं ने सफाईकर्मियों को प्रमाणपत्र सौपकर उन्हे सम्मानित किया और मिठाई खिलाई। सम्मान पाकर सफाईकर्मियों का चेहरा प्रसन्नता के साथ खिल गया।

विवेक राजवंशी ने कहा कि हमारे आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखना, स्वस्थ और सुरक्षित जीवन के लिए आवश्यक हैं। सफाईकर्मी इस महत्वपूर्ण कार्य प्रतिदिन निरंतर करते है। यह हमारे स्वस्थ जीवन की एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

किशन पाठक ने अपने उद्‌बोधन में ने कहा कि सफाई कर्मचारी समाज के संरचनात्मक हिस्से का अंग है। उनके सम्मान से समाज में एकात्मता को बल मिलता है। सम्मान से उन्हे सकारात्मक रूप से मोटिवेट किया जा सकता है। रवि विजय ने कहा कि सफाई कर्मचारी अपने काम को कठिनाइयों के बावजूद निभाते है। समाज से मिलने वाले समर्थन से उनकी ऊर्जा और समर्पण की भावना में वृद्धि होती है। उन्होने कहा कि इनका सम्मान करने की अनुठी पहल करने वाली केशव शाखा साधुवाद की प्राप्त है।



भारत विकास परिषद केशव शाखा द्वारा सफाईकर्मियों को सम्मानित किया गया।

# इनामी अपराधी टोंक से गिरफ्तार

**बून्दी** (निसं)। सदर थाना पुलिस ने गो तस्करी के प्रकरण में वांछित 2000 रुपये के ईनामी अपराधी प्रधान पुत्र दुलाराम निवासी प्रतापपूरा थाना डिग्गी को टोंक से गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बताया की टीम ने आरोपी के सम्भावित स्थानों पर काफी तलाश की थी। कुछ दिन पुर्व टीम के सदस्य रणजीत घटाला को ईनामी अपराधी प्रधान के सबंध में सूचना प्राप्त हुई कि प्रधान कुछ दिन पहले की डिग्गी, इस्लामपुरा ईलाके में आया हुआ है, जिस पर टीम आरोपी को तलाश करते हुए डिग्गी, प्रतापपुरा पुहंची जहां से इनामी बदमाश को डिटेन कर बूंदी लाए है। ईनामी अपराधी सदर थाने मे राजस्थान गोवंश परिस्षेध अधिनियम के प्रकरण में वांछित है। जो काफी समय से फरार चल रहा था व बूंदी पुलिस की ओर से 2000 रुपये का ईनाम घोषित किया हुआ है।



पुलिस ने गो तस्करी के प्रकरण में वांछित इनामी अपराधी को गिरफ्त में लिया।

# जय मिनेश विश्वविद्यालय की पहल, 1015 प्रतिभावान विद्यार्थियों को नि:शुल्क प्रवेश

**कोटा,** (निसं)। कोई भी प्रतिभावान स्टूडेंट उच्च शिक्षा से वंचित न रहे इसको लेकर जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय की अवधारणा और संकल्प के साथ प्रतिभावान विद्यार्थियों को निशुल्क गुणवत्तापूर्ण रोजगार उन्मुख उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान कर रहा है। रविवार को जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, रानपुर कोटा में नवीन सत्र के विधिवत संचालन से पूर्व की तैयारियां को लेकर एक मीटिंग का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की कुल सचिव डॉ नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि चैयरपर्सन आरडी मीना की अध्यक्षता आयोजित बैठक में निम्न प्रमुख निर्णय लिए गये- विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गई छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल रहे प्रवेशार्थियों को पूर्व में घोषित छात्रवृति योजना (काला बादल छात्रवृति योजना) के अनुरूप प्रवेश के समय प्रथमत: ही इस योजना का लाभ दिया जायेगा अर्थात प्रथम सेमेस्टर के शिक्षण शुल्क में 100 प्रतिशत, 50 प्रतिशत, 25 प्रतिशत की छूट प्रवेश के समय ही उपलब्ध रहेगी, स्नातक स्तर के सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश अन्तर्गत 10 से 25 प्रतिशत शुल्क की छूट का प्रावधान रखा गया जो कि विद्यालय में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त अभ्यर्थियों को 100 और 50 प्रतिशत तक का लाभ का प्रावधान रखा गया है, स्नातकोत्तर स्तर के सभी पाठ्यक्रमों जिनमें एम.ए., एम. एसी. एम. कॉम., एम.सी.ए.एम.बी.ए., एम.लीब, एम. एच.एम. में प्रथम सेमेस्टर की शुल्क का 25 प्रतिशत की छूट का प्रावधान रख गया है।

# राहुल हाड़ा का प्लांट ऑपरेटर पद पर चयन

**रावतभाटा,** (निसं)। रावतभाटा उपखण्ड क्षेत्र के बाडोलिया ग्राम निवासी जगदीश हाडा के पुत्र राहुल हाडा का भाभा रिसर्च सेंटर (बीआरसी) मुंबई में प्लांट ऑपरेटर के पद पर चयन हुआ। साथ अपने माता पिता का नाम रोशन किया। राहुल हाडा के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने पर भी राहुल निरन्तर प्रयास करते रहे।

# गुरु शिक्षा सम्मान समारोह आयोजित

**कोटा,** (निसं)। भारतीय शिक्षण मंडल कोटा महानगर की और से गुरु शिक्षा सम्मान समारोह का आयोजन गुजराती समाज सभागार में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण विधायक माननीय संदीप शर्मा रहे, शर्मा ने भारतीय शिक्षण मंडल के शिक्षा के विविध क्षेत्र में किए जा रहे कार्य की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रोफेसर अनिल गुप्ता पूर्व क्षेत्रीय अधिकारी भारतीय शिक्षण मंडल तथा साध्वी हेमा सरस्वती का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोफेसर अनिल गुप्ता ने बताया कि शिक्षा में भारतीयता की आवश्यकता है तथा गुरु शिष्य परंपरा हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों की थाती रही है प्राचीन काल से ही गुरु के सम्मान किया जाता रहा है भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर से भी ऊंचा दर्जा दिया गया है। साध्वी हेमा सरस्वती ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम से प्रेरणा लेकर हमें उनके आदर्श पर चलना चाहिऐं। एक दृष्टांत का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि नरेंद्र कैसे विवेकानंद बने इसके पीछे उनके गुरु का ही हाथ रहा है जिनका पूरा विश्व आज याद करता है और पूजा करता है और उनके आदर्शों पर चल रहा है। शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चतुर्भुज महावर, प्रमुख समाजसेवी जी.डी.पटेल, डॉ. चेतना उपाध्याय, पूर्व चित्तौड़ प्रांत अध्यक्ष जेथवाल, कॉलेज शिक्षा कॉलेज शिक्षा उपायुक्त गीतराम स्कूल शिक्षा प्राचार्य रामनिवास भारतीय शिक्षण मंडल बारां के सहसंयोजक प्रहलाद रमेश चंद का विशेष सानिध्य मिला।

# ऑपरेशन से चार माह के बालिका काव्या मेहता की दुनिया फिर से रोशन हुई

**कोटा,** (निसं)। जिला बारां ग्राम देवरी शाहाबाद तहसील निवासी 4 माह की बालिका काव्या मेहता को जन्म से ही बहुत कम दिखाई देता था। वह माता-पिता की तरफ देखकर आई कॉन्टेक्ट भी नहीं कर पाती थी एवं धूप में बाहर जाने पर या लाईट जलाने पर अपनी आंखें बंद कर लेती थी। अपनी पुत्री की नेत्र समस्या को लेकर काव्या मेहता के माता-पिता काफी चिंताग्रस्त रहते थे। बचपन से ही खिलौनों को नहीं पकड़ने एवं दिखाई नहीं देने की समस्या उन्हें निरंतर परेशान कर रही थी। अपने पुत्री की दृष्टि संबंधित समस्या के चलते उन्होंने जयपुर, नीमच के अनेकों नेत्र चिकित्सकों से परामर्श लिया परन्तु नेत्र रोग का समाधान नहीं हो सका। अपने रिश्तेदारों की सलाह के अनुसार तलवण्डी, कोटा में स्थित सुवि नेत्र चिकित्सालय एवं लेसिक लेज़र सेन्टर कोटा में पहुँचे जहाँ संस्थान के निदेशक एवं वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश पाण्डेय एवं डॉ. विदुषी शर्मा ने बेहोशी में काव्या मेहता की दोनों आँखों की गहनता से जाँच (एग्जामिनेशन अण्डर एनीस्थिसिया) की। जांच में काव्या मेहता की दोनों आँखों में टोटल लेन्टीकुलर ऑपेसिटी पायी गयी। डॉ. सुरेश पाण्डेय ने सुवि नेत्र चिकित्सालय कोटा में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से काव्या मेहता का इनफेनटाइल कैटरेक्ट सर्जरी कर उसकी दोनों आँखों में जॉनसन एण्ड जॉनसन द्वारा निर्मित 26 डायोप्टर नम्बर का अमेरिकन मोनोफोकल इन्ट्राऑकुलर लैन्स का केपसुलर बेग में सफल प्रत्यारोपण किया गया। पॉस्टीरियर कैपसुल नामक झिल्ली दोबारा मोटी ना हो इसके लिए पॉस्टीरियर कैपसुलोटोमी एवं एन्टीरियर विट्रेक्टोमी नामक विशेष तकनीक का प्रयोग किया गया। ऑपरेशन में निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. विजय गोयल का विशेष सहयोग रहा। दोनों आंखों में सूजन एवं संक्रमण कम करने लिए इन्ट्राकेमरल मॉक्सीफ्लोक्सिन एवं इन्ट्राकेमरल ट्राइएमसिनोलोन नामक विशेष इंजेक्शन का प्रयोग किया गया।

काव्या मेहता के पिता कमल किशोर मेहता ने सफल ऑपरेशन के लिए डॉ. सुरेश पाण्डेय का तहे-दिल से आभार व्यक्त किया। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर राजस्थान सरकार ने सुवि नेत्र चिकित्सालय कोटा पहुंचकर सफल ऑपरेशन के लिए डॉ.सुरेश पाण्डेय को एवं काव्या के माता पिता को बधाई दी।




सुवि नेत्र चिकित्सालय एवं लेसिक लेज़र सेन्टर कोटा में बालिका काव्या मेहता के ऑपरेशन के बाद राजस्थान सरकार, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश पाण्डेय एवं काव्या के पिता कमल किशोर मेहता मौजूद रहे।

# 'अनुरक्षण कार्यों के अंतर्गत तीव्रता से निष्पादित हो रहे ट्रैक रिन्यूअल कार्य'

**कोटा,** (निसं)। पश्चिम मध्य रेल द्वारा मल्टी ट्रैकिंग एवं अधोसंरचना कार्यों के अलावा अनुरक्षण कार्यों के अंतर्गत ट्रैक पर अन्य रिन्यूअल कार्य किये जाते हैं। इसी कड़ी में महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन में तथा इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करते हुए ट्रैक अनुरक्षण क्षेत्र में तीव्रता से समस्त नवीनीकरण कार्यों को निष्पादित किया जा रहा हैं। ट्रैक नवीनीकरण के इन कार्यों में सी.टी.आर. (कम्पलीट ट्रैक रिन्यूअल), टी.आर.आर. (थ्रू रेल रिन्यूअल), टी.एस.आर (थ्रू स्लीपर रिन्यूअल), टी.टी.आर (थ्रू टर्न आउट रिन्यूअल), डीप स्क्रीनिंग इत्यादि कार्य शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि ट्रैक नवीनीकरण से संबद्ध उक्त समस्त कार्य संरक्षा से जुड़े हुए कार्य हैं एवं ट्रैफिक ब्लॉक लेकर ही इन कार्यों को निष्पादित किया जाता है, पमरे द्वारा संरक्षा से जुड़े इन समस्त कार्यों को तीव्रता के साथ निष्पादित किया गया।


**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक-720 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक 19.7.2024

नगर विकास न्यास कोटा की विश्वकर्मा नगर ऑटामोबाईल स्पेशल योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 194 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 13.12.2000 को मै.सागर ऑटो इन्जी. वर्क्स प्रो.श्री अब्दुल शकुर पुत्र श्री अब्दुल गनी को किया गया था। आवंटी मै.सागर ऑटो इन्जी. वर्क्स प्रो.श्री अब्दुल शकुर पुत्र श्री अब्दुल गनी द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री मुकेश प्रजापति पुत्र श्री नाथूलाल प्रजापत द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 07.05.24 को श्रीमती सूरजा बाई पत्नी श्री रघुवीर पांचाल को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 194 योजना विश्वकर्मा नगर ऑटामोबाईल स्पेशल का नाम हस्तान्तरण श्रीमती सूरजा बाई पत्नी श्री रघुवीर पांचाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT RAI**
**PANCHAYAT SAMITI CHHIPABAROD DIST. BARAN (RAJ.)**

Sr. No./ग्रा.प/2024-25/25-29 Date : 26.07.2024

**E-Tender Bid: 01/2024-25**

E-Bid for invited from interested Bidder to Material supply Tender for the financial year 2024-25 for the operation of Construction material and equipment for the construction work to be done under Mahatma Gandhi NREGA & Panchayati Raj scheme. Tender Can be Uploaded up to time-6:00 pm Date 07.08.2024 detail, Application form, eligibility conditions and other details can be downloaded from the http://sppp.raj.nic.in, eproc.rajasthan.gov.in. Estimated value of the procurement is Rs. 40/- lacs only.

UBN No. ZBR2425GLRC00109

NIB-ZBR2425A0095

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत राई
पंचायत समिति छीपाबड़ौद

सरपंच
ग्राम पंचायत राई
पंचायत समिति छीपाबड़ौद

# झालावाड़ जिला कलेक्टर ने गांवड़ी तालाब स्थित पाथ-वे का निरीक्षण किया

**झालावाड़,** (निसं)। झालावाड़ शहर स्थित गांवडी तालाब के चारों ओर आरएसआरडीसी द्वारा बनाए गए पाथ-वे का रविवार को जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड ने निरीक्षण किया।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने नगर परिषद् के सभापति संजय शुक्ला, उप सभापति प्रदीप सिंह राजावत, उपखण्ड अधिकारी झालावाड संतोष कुमार मीणा, आरएसआरडीसी, पर्यटन विभाग, नगर परिषद् एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ सम्पूर्ण पाथ-वे पर पैदल चलते हुए जायजा लिया। जिला कलेक्टर ने सम्पूर्ण पाथ-वे पर हो रही टूट-फूट की मरम्मत करवाने तथा दोनों तरफ छायादार एवं फलदार पौधे लगाने के निर्देश आरएसआरडीसी के अधिकारी को दिए। उन्होंने पाथ-वे के एक तरफ चारदीवारी तथा तालाब की तरफ रैलिंग लगवाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारी को दिए।



झालावाड़ शहर स्थित गांवड़ी तालाब के चारों ओर आर.एस.आर.डी.सी. द्वारा बनाए गए पाथ-वे का जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने निरीक्षण किया।

उन्होंने तालाब के किनारे निकल रही हाइटेंशन लाइन के नीचे अवैध कब्जा कर मकान बना रहे लोगों को तुरंत स्वयं कब्जा हटाने के निर्देश दिए तथा कब्जा नहीं हटाने पर नियमानुसार कार्यवाही करने की बात कही। उन्होंने तहसीलदार झालरापाटन नरेन्द्र मीणा को नगर परिषद् एवं पुलिस जाप्ते के साथ तुरंत कार्यवाही करते हुए पाथ-वे के दोनो तरफ तथा हाइटेंशन लाइन के नीचे के अतिक्रमण को हटवाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पाथ-वे के बीच में लोगों द्वारा बनाए गए अवैध रास्तों को बन्द करवाकर खाई खुदवाने के निर्देश दिए।


निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि शहर के बीच में स्थित गांवडी तालाब पर बनाए गए पाथ-वे को आगामी दिनों में पूर्ण रूप से विकसित करते हुए आमजन के लिए प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा झालावाड एवं झालरापाटन शहर के सभी तालाबों पर हो रहे अतिक्रमणों को हटवाकर उनके सौन्दर्य को निखारा जाएगा। इस दौरान संजय जैन ताऊ, संजय वर्मा, पर्यटन अधिकारी सिराज कुरैशी, चन्द्रमोहन धाभाई, सियाराम अग्रवाल, संबंधित पटवारी, गिरदावर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**जिला कलेक्टर ने डाइट कार्यालय झालरापाटन में किया पौधारोपण:-** राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान के तहत जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने रविवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) झालरापाटन परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनका संरक्षण करने की अपील की। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि मदन विलास पैलेस जिले की पुरातत्व एवं ऐतिहासिक धरोहर है जिसमें वर्तमान में डाइट कार्यालय संचालित किया जा रहा है।

- पाथ-वे के चारों ओर हो रहे अतिक्रमण को हटवाने के निर्देश दिए

उन्होंने इस पैलेस के आसपास हो रहे अतिक्रमण को हटवाने तथा साफ-सफाई करवाकर अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाकर इसको शहरवासियों के लिए उपयोगी एवं भ्रमण हेतु स्थान के रूप में विकसित करने की बात कही। उन्होंने यहां मदन विलास पैलेस के इतिहास से संबंधित जानकारी के बोर्ड लगवाने के निर्देश भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए। इस दौरान कार्यवाहक मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रकाश चन्द सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हेमराज पारेता, तहसीलदार झालरापाटन नरेन्द्र मीणा, संजय जैन ताऊ, संजय वर्मा, राजेश शर्मा, महेश बटवानी, डाइट प्रधानाचार्य कल्याणमल वर्मा, एडीपीसी समसा सीताराम मीणा, मनोज गुर्जर, बसंत कासट सहित शिक्षा विभाग के कार्मिक एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कोटड़ी गांव में जाजम आयोजित



कोटड़ी गांव में सरपंच धर्मा धाकड़ के नेतृत्व में जाजम का आयोजन किया गया।

**छबड़ा** (निसं)। कडैयाबन पंचायत के कोटड़ी गांव में रविवार को सरपंच धर्मा धाकड़ के नेतृत्व में जाजम का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम सभा को मजबूत करने व अनुसूची 5 व 6 के बारे में जानकारियां दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कडैयाबन सरपंच धर्मा धाकड के नेतृत्व में रविवार को कोटडी गांव में जाजम का आयोजन किया गया। धर्मा धाकड ने ग्राम सभा को मजबूत करने के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सबसे पहले हमें ग्राम सभा को मजबूत करना होगा उसके बाद ही हम भ्रष्टाचार को खत्म कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने अनुसूची 5 और 6 के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान पिछला बकाया बीमा क्लेम और मुआवजा के संदर्भ में हर ग्राम पंचायत में शिविर लगाया जाने का निर्णय लिया गया तथा सीएसआर फंड को लेकर भी चर्चा की गई। ग्राम सभा मे क्षेत्र के 500 से अधिक किसान शामिल हुए।

# मामूली विवाद में मारपीट, मामला दर्ज

**छबड़ा** (निसं) दो दिन पूर्व खोपर गांव में रास्ते में खडी मोटरसाइकिल हटाने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर डाली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस सूत्रो के अनुसार खोपर निवासी 60 वर्षीय रामचरण कुम्हार ने चिकित्सालय में दिए पर्चा बयान में बताया कि शुक्रवार को गांव के रास्ते में खडी मोटरसाइकिल को हटाने को लेकर हुए विवाद में मेरे साथ इसी गांव निवासी दिनेष, रामस्वरूप, जितेंद्र ने लकडियों से मारपीट की। बीच बचाव करने आई मेरी पत्नी कला बाई के साथ भी मारपीट की।

# रंगनाथ मंदिर क्षेत्र के अवैध कचरा डिपो ने आमजन का जीना दुश्वार किया

**बून्दी** (निसं)। भाजपा शासित शहर का वार्ड 8 के पिछले चार साल से दुर्दशा का दंश झेल रहा है समस्याएं जस की तस है और जिम्मेदार जनप्रतिनिधीयो के पास ज्ञापनबाजी करने के अलावा कोई चारा नही है नतीजन आमजन दुर्घन्द मे जीने को मजबूर है और धामिक आस्थाएं आहत हो रही है।

वार्ड के धार्मिक क्षेत्र रंगनाथ मंदिर के आस पास के क्षेत्र मे बने अवैध कचरा डिपो ने क्षेत्रवासियो का जीना दुश्वार कर रखा है। जहां दूसरे वार्डो का कचरा लाकर उडेला जाता है पर नगर परिषद मे वार्डो के मुखिया प्रदर्शन व ज्ञापनबाजियो के अलावा कुछ कर नही पा रहे है। रविवार को रंगनाथ मंदिर क्षेत्रवासियो ने अवैध कचरा डिपो को हटाने की मांग को लेकर बुलबुल के चबुतरे पर प्रदर्शन कर समस्या के स्थायी निस्ताण की मांग उठाई। वार्ड पार्षद मनीष सिसोदिया ने बताया कि उक्त मामले मे सभी आला अधिकारियो व जिला कलेक्टर ए नगर परिषद को अवगत करवाया जा चुका है परंतु फिर भी प्रशासन की हठधर्मिता के कारण तीन वार्डो का कचरा यहां एकत्रित होता है जो पूरे रोड़ पर फैल जाता है। सुनवाई न होने पर वार्डवासियो ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। प्रदर्शन मे लोकेश गौतम, अंकुश भारद्वाज, मनीष तारवान, राजकुमार शर्मा, अतुल्य सिंह, उत्कर्ष सिंह, निर्भय सोनी, उपस्थित रहे। विशाल शर्मा, कांग्रेस प्रत्याशी वार्ड आठ ने बताया कि रंगनाथ मंदिर क्षेत्र मे आस पास के दोनो वार्डो का कचरा लाकर डाला जा रहा है, जिसे रोकने मे वार्ड 8 सहित तीनो वार्डो के पार्षद नाकाम साबित हो रहे है। अवैध कचरा डिपो को हटाने के मामले मे आमजन को गुमराह करने के लिये ज्ञापनबाजियो का खेल खेला जा रहा है। तीनो वार्डो के पार्षदो को आपसी सामंजस्य से तीनो वार्डो का कचरा अन्यत्र स्थानान्त्रित कर रंगनाथ मंदिर क्षेत्र को अवैध कचरा डिपो से मुक्ति दिलानी चाहिए। पार्षद 4 साल मे जनता की एक समस्या का समधान नही कर पाये है। भाजपा सरकार मे ही सुनवाई नही है तो अपने पद से इस्तीफा दे देवे।



मंदिर के पास बने अवैध कचरा डिपो से आमजन परेशान है।

# गाडरी समाज की बैठक आयोजित

**छबड़ा** (निसं)। गाडरी समाज की शुक्रवार को आयोजित हुई बैठक छात्रावास की दुकानों पर विचार विमर्ष किया गया।

छात्रावास समिति अध्यक्ष प्रेमचंद धनोरिया ने बताया कि छात्रावास समिति के संरक्षक मानसिंह धनोरिया व गंगाधर कानूनगो के सानिध्य में बैठक आयोजित हुई। जिसमे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि लौटा भैंरू बाजार में स्थित 9 दुकानों, स्टेशन रोड पर स्थित 8 दुकानों को 5 वर्ष के लिए किराए पर लेने के लिए बोली पुकारी जाएगी। बोली भी समाज के व्यक्ति द्वारा ही पुकारी जाएगी और इन्हे ही दुकान आवंटित की जाएगी।

साथ ही दुकान की बोली लगाने के लिए पहले दस हजार रुपए की रसीद समिति के यहां कटवानी होगी। तत्पश्चात ही दुकानों की बोली में भाग लिया जा सकेगा। बोली में भाग लेने के लिए रसीद 30 जुलाई से एक सितम्बर को प्रात: 10 बजे तक समिति के सदस्यों से प्राप्त करनी होगी और जिसके नाम बोली छूटेगी उसे बोली की सम्पूर्ण राषि एक दिसम्बर तक आवष्यक रूप से जमा करानी होगी। राशि जमा नहीं होने पर बोली की राशि समिति द्वारा जप्त कर ली जाएगी। समिति द्वारा दुकानों का कब्जा 31 दिसम्बर को सौंपा जाएगा।



गाडरी समाज की बैठक में समाजबंधु मौजूद रहे।

# तारागढ़ पहाड़ी पर स्थित चामुंडा माता व डोबरा महादेव के भक्तों ने ढोक लगाई

**बून्दी** (निसं)। सावन का महिना शुरू होते ही बून्दी में लोकानुरंजन के लिए मेलें शुरू हो जाते हैं। प्रतिवर्ष सावन की अष्टमी को आयोजित होने वाले चामुंडा व डोबरा मेला इस वर्ष भी तारागढ की पहाडी पर आयोजित हुआ।

इस दौरान भक्तो ने तारागढ की पहाडी पर स्थित चामुंडा माताजी व डोबरा महादेव के दर्शनो का लाभ लेकर बूंदी व अपने परिवारजनो के लिये मंगलकामना की। रविवार सुबह 6 बजे श्रावण माह की जया अष्टमी पर तारागढ दुर्ग की पहाड़ी पर स्थित आराध्य देवी चामुंडा माता की विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर पूर्व राज परिवार के सदस्य वंशवर्धन सिंह बून्दी ने मेले का शुभारंभ किया। इससे पूर्व शनिवार शाम को चामुंडा माता परिसर मे भव्य जागरण के बीच भजन सन्ध्या आयोजित की गई और डोबरा महादेव का भव्य श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर पुजारी परिवार के साथ सामाजिक कार्यकर्ता पुरषोत्तम पारीक, जोगेंद्र सिंह हाड़ा, विजय सिंह सोलंकी, महेंद्र सिंह उलेडा, जय सिंह सोलंकी, राजवीर सिंह हाडा, सहित बडी संख्या में श्रद्धालु महाआरती में शामिल हुए।

रविवार को सुबह से भी शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो से भक्त दलेलपुरा, बोरखंडी व बालचंद पाडा पहाडी के रास्ते दोनो मंदिरो तक जयकारे लगाते हुये पहुंचे। इस दौरान तारागढ़ की पहाडी पर स्थित चामुडा माता मंदिर व डोबरा महादेव मंदिर मे दर्शन कर बडी संख्या मे श्रद्धालुओं ने मनोकामनाएं मांगी। इस दौरान लोगों ने आईसक्रीम, चाट, पकौडी, खिलोनो की दुकानो से खरीददारी तक मेले का लुत्फ उठाया। वही शाम के समय नाहर के चोहटटे मे रियासतकाल के समय से लगने वाले मेले की श्रृंखला मे आईसक्रीम, चाट, पकौडी, खिलोनो की दुकानो लगी जहां भी शहरवासियो ने खरीददारी का लुत्फ उठाया।



वंशवर्धन सिंह ने चामुंडा माता की विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की।

## कावड़ यात्रा आज निकालेगी

**रावतभाटा,** (निसं)। रावतभाटा उपखण्ड क्षेत्र में सावन के महिने के द्वितीय सोमवार को द्वितीय कावड़ यात्रा निकाली जाएंगी। सावन में षिवभक्ति से भरा माहौल रहा। बमबम भोले, हर हर महादेव, ऊं नम: षिवाय के जयकारों के साथ नगर में संगठनों की और से कावड़ यात्रा निकाली जाएंगी। कावड यात्रा बैंड-बाजो, डोल-नगाडो के साथ निकाली जाएंगी। तथा सभी भक्तगण मंदिर के कुण्ड से ही जुलुस मे षामिल होकर हर हर बम बम, ऊ नम: षिवाय, हर हर गंगे, हर हर गंगे, हर हर भोले के नारे के साथ कावड यात्री भगवान शिवजी का जलाभिशेक करेंगे। क्षेत्र में श्रावण माह के अन्तर्गत विभिन्न मन्दिरों में श्रद्वालु भक्त लोग भोले षिव षंकर भगवान की पूजा अर्चना एंव उपवास वृत रखकर अपनी श्रद्वा व्यक्त कर रहे हैं। क्षेत्र के विभिन्न मन्दिरों सहित प्रमुख षिव मन्दिरों में सुबह से सांय तक श्रद्वालुओं की भीड उमड़ रही हैं। महिला पुरूश व बच्चे लोग, दूध, दही, बीलपत्र, गंगा जल से षिव की पुजा अर्चना कर रहे हैं। वही क्षेत्र के मन्दिरों में श्रावण मास में प्रतिदिन रात्रि को भजन कीर्तन का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं।

# किसानों को पारितोषिक वितरण समारोह



गुवाडी दुग्ध उत्पादक सरकारी समिति की ओर पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन हुआ।

**बून्दी** (निसं)। पावन तीर्थ झरमहादेव के स्थान पर गुवाडी दुग्ध उत्पादक सरकारी समिति की ओर पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन संपन्न हुआ।मुख्य अतिथि के रूप में कोटा बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के चेयरमैन चैन सिंह राठौड उपस्थित रहे, अध्यक्षता बूंदी जिला गुर्जर समाज के जिला अध्यक्ष गणेश लाल हूण ने की, विशिष्ट अतिथि लाडपुरा क्रय विक्रय सरकारी समिति के चेयरमैन निहाल सिंह राठौड़, बूंदी क्रय विक्रय सहकारी समिति के चेयरमैन पवन बैरागी, भाजयुमो खटकड़ के मंडल अध्यक्ष हरिओम प्रजापत अथिति के रूप में उपस्थित रहे।

कोटा डेयरी के चेयरमैन ने अपने उद्बोधन में किसान भाइयों एवं पशुपालकों को जागरूक किया किस प्रकार से सरस डेयरी से जुड़कर सरस डेयरी में दूध विक्रय कर किस-किस प्रकार के लाभ कमाए जा सकते हैं उनके बारे राठौड़ ने विस्तार से बताया, कोटा बूंदी किसान भाइयों के लाभ के लिए राजस्थान सरकार से कैटल फीड प्लांट की घोषणा करवाई। जिससे आगे चलकर किसानों को बहुत अधिक लाभ मिलेगा राठौर ने जो राज्य सरकार की तरफ से 5 प्रति लीटर किसानों को दिया जाता है सरकार से बात कर उसको बढ़ाने की बात कही। दुग्ध समितियां में पारदर्शिता लाने के लिए सभी समितियां को कंप्यूटर कृत किया जा रहा है। जिससे किसानों को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं हो। किसान के दूध का पूरा पैसा उसके खाते में जाए ऐसी योजना लाने की बात कही , राठौर ने किसान भाइयों के दूध का समय पर भुगतान करने की बात कही किसान भाइयों को अपने दूध का समय पर भुगतान मिलेगा इसके लिए वह प्रयत्नमशील है।

# पर्यावरण समिति ने पौधारोपण किया




चारभुजा मुक्तिधाम के पीछे एवं प्लांट साइट रोड के किनारे वृक्षारोपण किया गया।

**रावतभाटा,** (निसं)। चारभुजा मुक्तिधाम के पीछे एवं प्लांट साइट रोड के किनारे रविवार को पर्यावरण समिति के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। चारभुजा मुक्तिधाम एवं पर्यावरण समिति के अध्यक्ष गिरधारी पारेता एवं महामंत्री जेसी माली ने बताया कि प्लांट रोड पर अणुशक्ति उपभोक्ता भंडार की उपाध्यक्ष हसीना बी एवं केडी दीक्षित द्वारा पौधरोपण किया गया, इसके पश्चात डीके व्यास, संदीप लाड ने भी पौधरोपण किया। अलग-अलग प्रकार के 50 छायादार पेड़ लगाए गए एवं सभी गड्डो में मिट्टी भरने का कार्य समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में गोदरेज शोरूम की ओनर तरुणा लोहार एवं भगीरथ लोहार ने सपरिवार मुक्तिधाम के पीछे पौधरोपण किया। गोदरेज शोरूम की ओनर की तरफ से समिति को 51 ट्री गार्ड देने की भी घोषणा की गई। कार्यक्रम में समिति केपीपी भारद्वाज, जेसी माली, गिरधारी पारेता, राम गोपाल नागर, एसआर वाघडे उपस्तिथ रहे।

# केन्द्रीय विद्यालय 4 में न्यूट्रिशन डे मनाया

**रावतभाटा,** (निसं)। परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 4 में शनिवार को सी.बी.एस.सी. के निर्देशानुसार 22 जुलाई से 28 जुलाई तक चल रहे शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत उप-प्राचार्य प्रमोद कुमार सिंह के निर्देशन में बाल वाटिका व कक्षा 11 के विद्यर्थियों के लिए न्यूट्रिशन डे का आयोजन किया गया।

बाल वाटिका प्रीभारी ममता कुमारी ने बताया कि इस कार्यक्रम में बाल वटिका के बच्चों के साथ उनके अभिभावकों को भी उनके आने की अनुमति थी। सभी बच्चों की माताएँ उनके साथ आईं और बाल वटिका में ही बिना अग्नि का प्रयोग किए नन्हें-मुन्ने बच्चों के साथ मिलकर ऐसा न्यूट्रिटिव भोजन तैयार किया जो कि सेहत लिए फायदेमंद होने के साथ ही बहुत स्वादिष्ट भी था, और उसमें जंक फूड का नामोनिशान भी नहीं था। सभी बच्चों ने इसका बहुत आनंद उठाया। अपनी माताओं के साथ उनके काम में उनकी मदद कर और उनके तथा अपनी शिक्षिकाओं के साथ कक्षा में बैठकर साथ में भोजन कर उनके चेहरे पर विशेष खुशी उनके चेहरों पर साफ झलक रही थी साथ ही उन्होंने हैल्थ डाइट के बारे में जानकारी प्राप्त की।




बाल वाटिका व कक्षा 11 के विद्यर्थियों के लिए न्यूट्रिशन डे का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बाल वाटिका शिक्षिका फ़रहीन का सराहनीय योगदान रहा। उप-प्राचार्य ने इस अवसर पर अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने बच्चों को अच्छा सेहतमंद भोजन ही परोसा करें साथ ही उन्हें बाहर के जंक फूड की आदत न डालें जहाँ तक संभव हो उन्हें जंक फूड से दूर ही रखें। इसी के साथ उन्होंने अभिभावकों द्वारा तैयार भोजन की सराहना की और उनको धन्यवाद कहा।

प्रधानाध्यापक पवन कुमार ने बच्चों की माताओं से कहा कि आज आपने अनुभव किया होगा कि किस प्रकार बच्चों ने आपके कार्य में मदद की और इस न्यूट्रिटिव फूड को बिना किसी प्रकार की ना-नुकुर किए कितने चाव के साथ गृहण किया अत: आप घर में भी अपने बच्चों को इसी प्रकार सेहतमंद भोजन अच्छे से गार्निश करके परोसें तो वे खुशी से खाएँगे। मुझे आशा है कि आप सभी अपने बच्चों के टिफिन में कभी भी जंक फूड नहीं रखेंगी।

वहीं वरिष्ठ शिक्षिका भारती जैन ने जानकारी दी कि कक्षा 11 के बच्चे न्यूट्रिशन डे के तहत अपने घरों से स्वदिष्ट, सेहतमंद व जंक फूड रहित भोजन स्वयं तैयार करके लाए थे और साथ बैठकर विद्यालय में भोजन किया इस अवसर पर उप-प्राचार्य भी विद्यार्थियों के बीच उपस्थित रहे और उनके प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम में शिक्षिका डॉ. रिंकू गुप्ता, सुरेन्द्र कुमार व हुमेरा जीनत ने भोजन परोसने की व्यवस्था में बच्चों का सहयोग किया।

